दिनांक–06.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ CGRC पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण कराने के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

- ❖ सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया था कि दिनांक–31.10.2026 तक टैंकों की शत–प्रतिशत सफाई पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया, जिसके क्रम में प्रतिदिन का निर्धारित लक्ष्य सभी कार्यपालक अभियंता को दिया गया है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, पूर्णियाँ द्वारा पृच्छा के क्रम में पाया कि उनके अधीनस्थ प्रमंडलों की प्रतिदिन टैंकों की सफाई का निर्धारित लक्ष्य से भी कम प्रगति पाई गयी है जो कि संतोषप्रद नहीं है। इस संबंध में सख्त आदेश देते हुए अधीक्षण अभियंता, पूर्णियाँ एवं अन्य सभी अधीक्षण अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपने अधीनस्थ प्रमंडलों की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराते हुए MIS Portal इसकी प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करें।

  अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- ❖ समीक्षात्मक बैठक के बीच में कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल फारबिसगंज अनुपस्थिति रहने के कारण स्पष्टीकरण पूछकर अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

  अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/प्रशाखा–5।

- ❖ CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों में अक्रियाशील/बंद पाए गए योजनाओं को 24 घंटे के अंदर क्रियाशील करने हेतु निदेशित किया गया है। परंतु कार्यपालक अभियंता, सीतामढ़ी के द्वारा दिनांक–06.10.2026 को प्राप्त 56 शिकायतों में मात्र–16 (28.57 प्रतिशत) शिकायतों का निराकरण किया गया है। उक्त के संबंध में अधीक्षण अभियंता, अंचल मुजफ्फरपुर को निदेशित किया गया कि कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल सीतामढ़ी के विरूद्ध स्पष्टीकरण पूछते हुए कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाय। साथ ही इसकी प्रति मुख्यालय को समर्पित करेंगे। संबंधित अधीक्षण अभियंता, CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों का सतत अनुश्रवण करते हुए 24 घंटे के अंदर शिकायतों का शत–प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

  अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता/प्रशाखा–5।

- ❖ सभी अधीक्षण अभियंता अपने अधीनस्थ कार्यपालक अभियंता की समीक्षा करेंगे कि प्रतिदिन CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों एवं माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराये गये Surprise Inspection में बंद पाए गये योजनाओं का 24 घंटे के अंदर उनके द्वारा कितना निराकरण कराया जा रहा है। साथ ही सभी अधीक्षण अभियंता MIS Portal पर सतत अनुश्रवण करते हुए निरीक्षण करते रहेंगे।

  अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

14.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14/वि0क–101/24–857 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–101/24–857 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार/अनुश्रवण/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–101/24–857 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)